# सकारात्मक आंत स्क्रीनिंग टैस्ट रिजल्ट (जाँच परिणाम)

## आगे क्या होता है?

timetobowelscreen.nz

Health New Zealand
Te Whatu Ora

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

Time to screen
National Bowel Screening Programme

# आंत के स्क्रीनिंग टैस्ट का सकारात्मक परिणाम - अब क्या होगा?

आपके आंत के स्क्रीनिंग टैस्ट का परिणाम सकारात्मक है जिसका अर्थ है कि आपके मल में कुछ रक्त पाया गया है। हो सकता है आप (इस बारे में) थोड़ा चितिंत या परेशान महसूस कर रहे हों।  यह बात समझ में आती है, लेकिन यह जानना जरूरी है कि सकारात्मक परिणाम का अर्थ यह नहीं है कि आपको आंत का कैंसर है। आपके मल त्याग (मल) में रक्त की थोड़ी मात्रा अक्सर आंत पॉलिप्स (वृद्धि) या बवासीर (पाइल्स) जैसे अन्य छोटे-मोटे हालातों के कारण होती है। इनका इलाज आसानी से किया जा सकता है।

# आगे क्या होता है?

रक्तस्राव का कारण जानने के लिए आपको आगे जाँच करवाने की जरूरत होगी। आपकी आंत की जाँच के लिए सबसे आम टैस्ट कोलोनोस्कोपी है।

आपके स्थानीय आंत स्क्रीनिंग कार्यक्रम से कोई व्यक्ति आपसे संपर्क करेंगे और आपकी कोलोनोस्कोपी के लिए तारीख तय करेंगे। आप उनसे कोलोनोस्कोपी के बारे में प्रश्न पूछ सकेंगे। आप अपने डॉक्टर से भी बात कर सकते हैं।

# Colonoscopy (कोलोनोस्कोपी) क्या है?

कोलोनोस्कोपी के दौरान, एक विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉक्टर या नर्स एक बहुत छोटे से कैमरे का उपयोग करके सीधे आपकी बड़ी आंत (कोलॉन) की परत को देखता है। यह कैमरा एक पतली लचीली ट्यूब के अंत में होता है, जिसे आपके गुदा (मलद्वार) के माध्यम से आपकी आंत में डाला जाता है। कैमरे का उपयोग आपकी आंत की परत को देखने के लिए किया जाता है, ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है।

कोलोनोस्कोपी से पता लगाया जा सकता है कि आंत में पॉलिप या कैंसर तो नहीं है। पॉलिप्स कैंसर नहीं होते, लेकिन कई  सालों में ये कैंसर में विकसित हो सकते हैं। यदि पॉलीप्स पाए जाते हैं, तो कैंसर को रोकने में मदद के लिए उन्हें आमतौर पर हटा दिया जाएगा। निकाले गए पॉलिप्स को कैंसर कोशिकाओं की जाँच के लिए लैबोरेट्री (प्रयोगशाला) में भेजा जाता है।

राष्ट्रीय आंत स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत कोलोनोस्कोपी कराने वाले लगभग 10 में से सात लोगों में पॉलिप्स पाए जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत कोलोनोस्कोपी कराने वाले 100 में से लगभग सात लोगों में कैंसर पाया जाता है। जब कैंसर पाया जाता है, तो उसमें से कम से कम एक तिहाई प्रारंभिक चरण में होते हैं।

## क्या इसमें दर्द होगा?

कुछ लोगों को कोलोनोस्कोपी थोड़ी असहज लगती है। कोलोनोस्कोपी से पहले आपको दवा दी जाएगी जिससे आपको नींद आएगी और इससे कोलोनोस्कोपी को अधिक आरामदायक बनाने में मदद मिलेगी। आपकी देखभाल के लिए कमरे में एक डॉक्टर और नर्सें होंगी।

## मैं कोलोनोस्कोपी की तैयारी कैसे करूँ?

अपनी कोलोनोस्कोपी कराने से पहले, आपको अपनी आंत को खाली करना होगा ताकि आंत की परत को स्पष्ट रूप से देखा जा सके। आपके कोलोनोस्कोपी कराने के कुछ दिन पहले से आपको कुछ खाद्य पदार्थों को खाने से मना किया जा सकता है। आपको एक विशेष आंत सफाई पेय लेने की आवश्यकता होगी, जो आपको शौचालय जाने और आपकी आंत को साफ करने में मदद करेगा। इसके निर्देश आपके अपॉइंटमेंट लैटर (मुलाकत पत्र) के साथ आते हैं।

# मुझे कितने समय तक अस्पताल में रहना होगा?

कोलोनोस्कोपी में आमतौर पर एक घंटे से भी कम समय लगता है, लेकिन आपको कुछ घंटों तक अस्पताल में रहना होगा।

आपकी कोलोनोस्कोपी से पहले एक नर्स या डॉक्टर आपसे बात करेंगे और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे। आपसे एक सहमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जाएगा। अपनी कोलोनोस्कोपी कराने से पहले परिवार के सदस्य और सहयोगी लोग आपके साथ रह सकते हैं।

कोलोनोस्कोपी के बाद बाकी दिन की छुट्टी लेना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऐसी दवा लेते हैं जिससे आपको नींद आए तो गाड़ी चलाना या काम करना सुरक्षित नहीं है।

## क्या कोलोनोस्कोपी से कोई खतरा है?

कोलोनोस्कोपी आमतौर पर एक सुरक्षित प्रक्रिया होती है। लेकिन, अधिकांश चिकित्सा प्रक्रियाओं की तरह, कभी-कभी इसमें समस्याएं हो सकती हैं। कोलोनोस्कोपी के समय या पॉलिप को हटाने से रक्तस्राव का थोड़ा जोखिम हो सकता है या आपकी आंत को नुकसान पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है, तो आपको आगे इलाज की जरूरत हो सकती है।

## क्या मुझे कोलोनोस्कोपी, अन्य टैस्ट या उपचार के लिए भुगतान करना होगा?

यदि आप इसके पात्र हैं तो पब्लिक हैल्थ सिस्टम (सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली) के अंतर्गत आयोजित कोलोनोस्कोपी और कोई भी फॉलो-अप (बाद के) टैस्ट या उपचार निःशुल्क होते हैं।

## यदि मैं अपनी अपॉइंटमेंट पर न जा सकूँ तो क्या होगा?

यदि आप कोलोनोस्कोपी के लिए नहीं आ सकते हैं तो कृपया जितना जल्दी हो सके हमें फोन करें। अपने अपॉइंटमेंट लैटर (नियुक्ति पत्र) पर दिए गए फोन नंबर पर फोन करें। हम आपके लिए एक और अपॉइंटमेंट निश्चित करेंगे।

## अगर मुझे आंत का कैंसर हो तो क्या होगा?

यदि आपको आंत का कैंसर हुआ तो आपको किसी स्पेशलिस्ट (विशेषज्ञ) के पास भेजा जाएगा। आंत के कैंसर का मुख्य उपचार आमतौर पर सर्जरी (ऑपरेशन) है। आपको कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी करवाने की भी जरूरत पड़ सकती है।

## आंत के कैंसर का इलाज किस हद तक सफलतापूर्वक किया जा सकता है?

जिन लोगों में आंत के कैंसर का निदान शुरुआती चरण में ही हो जाता है, उनके सफलतापूर्वक इलाज होने की संभावना बहुत अधिक होती है। यदि कैंसर का पता बाद में, ज्यादा गंभीर अवस्था में चलता है, तो इसका इलाज करना कठिन होता है।

## अधिक जानकारी के लिए

- **timetobowelscreen.nz** पर जाएं
- सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम के 6 बजे तक **0800 924 432** नंबर पर मुफ्त फोन करें।
- **info@bowelscreening.health.nz** पर ईमेल करें।

सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवाओं की पात्रता की जानकारी के लिए हैल्थ न्यूज़ीलैंड | ते फातु ओरा की वेबसाइट को देखें या **0800 924 432** पर फोन करें।

## अन्य भाषाएं और प्रारूप

यह पुस्तिका सुलभ प्रारूपों में और निम्नलिखित भाषाओं में भी उपलब्ध है:

टे रीयो माओरी, कुक आयलैंड्स, सामोअन, फीजियन, रोटुमन, किरीबाती, टाँगन, तुवेलुअन, नुईअन, टोकेलुअन, सरलीकृत चाईनीज़, पारंपरिक चाईनीज़, कोरियन, हिंदी, पंजाबी, टागालोग, अरबी और बर्मीज़।

QR (क्यूआर) कोड को स्कैन करें या **timetobowelscreen.nz** पर जाएं

HE2722 JULY 2024 HINDI